पत्रांक : 11/JAC.03-01/2021-3184/

झारखंड सरकार
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

के. रवि कुमार,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

अध्यक्ष,
झारखंड अधिविद्य परिषद्, राँची।

राँची, दिनांक 29/11/2023/

विषय : **वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 एवं 2025 के आयोजन के संबंध में।**

प्रसंग : आपका पत्रांक–JAC/गोपनीय/5831/22/CC-105/23 दिनांक–26.10.23

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 एवं 2025 के आयोजन हेतु निम्नांकित निदेश दिये जाते हैं :-

i. मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा एक ही टर्म में आयोजित की जाय।

ii. वर्ष 2024 की माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रकृति के 30% अंकों के प्रश्न, लघु-उत्तरीय, दीर्घ-उत्तरीय, आदि प्रकृति के 50% अंकों के प्रश्न तथा शेष 20% अंक आन्तरिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित किया जाय।

iii. वर्ष 2025 में आयोजित की जानेवाली माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रकृति के 20% अंकों के प्रश्न, लघु-उत्तरीय, दीर्घ-उत्तरीय, आदि प्रकृति के 60% अंकों के प्रश्न तथा शेष 20% अंक आन्तरिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित किया जाय।

कृपया इन निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

विश्वासभाजन

29/11/23

(के. रवि कुमार)
सरकार के सचिव।

Jharkhand lab

जैक की मैट्रिक-इंटरमीडिएट परीक्षा में बदलाव, ऑब्जेक्टिव कम, सब्जेक्टिव प्रश्न होंगे ज्यादा

ओएमआर शीट नहीं, उत्तरपुस्तिका पर ही होगी मैट्रिक-इंटर की परीक्षा

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की 2024 और 2025 में होने वाली परीक्षा में बदलाव कर दिया है। मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा अब ओएमआर शीट और उत्तरपुस्तिका पर अलग-अलग नहीं होंगी। ये परीक्षाएं सिर्फ उत्तरपुस्तिका पर होंगी। ऑब्जेक्टिव सवाल के उत्तर भी छात्र-छात्राओं को उत्तरपुस्तिका पर ही लिखने होंगे। राज्य सरकार ने मैट्रिक व इंटर में पूछे जाने वाले ऑब्जेक्टिव प्रश्नों के अंक और सवालों की संख्या में कटौती कर दी है, जबकि सब्जेक्टिव प्रश्नों के अंकों व प्रश्नों की संख्या में बढ़ोतरी की जा रही है।

■ शिक्षा सचिव ने जैक को बदलाव का दिया है निर्देश

2024 में 50 अंक और 2025 में 60 अंकों की होगी लिखित परीक्षा

2024 में 30 अंक और 2025 में 20 अंक के रहेंगे ऑब्जेक्टिव प्रश्न



"मैट्रिक-इंटर परीक्षा में बदलाव किया गया है। अब ओएमआर शीट पर परीक्षा नहीं होगी। 2024 में 30 अंक के ऑब्जेक्टिव व 50 अंक के सब्जेक्टिव सवाल रहेंगे। 2025 में 20 अंक के ऑब्जेक्टिव और 60 अंक के सब्जेक्टिव प्रश्न रहेंगे। -डॉ अनिल महतो, अध्यक्ष, जैक

जैक नए पैटर्न पर जारी करेगा मॉडल प्रश्न पत्र

जैक परीक्षा पैटर्न में हो रहे बदलाव के आधार पर ही मॉडल प्रश्न पत्र और उसके उत्तर जारी करेगा। अगले महीने से मॉडल प्रश्न पत्र जारी होंगे। इससे विद्यार्थियों को परीक्षा पद्धति की जानकारी मिलेगी। सब्जेक्टिव में कितने प्रश्न बढ़ेंगे, उसके आधार पर वे तैयारी कर सकेंगे। जैक ने पूर्व में ही परीक्षा का शिड्यूल जारी कर दिया है। छह से 26 फरवरी तक मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं निर्धारित हैं। जैक संशोधित परीक्षा कैलेंडर जारी करेगा। दोनों पालियों में ओएमआर शीट व उत्तरपुस्तिका के लिए निर्धारित अलग-अलग समय को फिर से निर्धारित किया जाएगा।

2024 की मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में 30 फीसदी अंकों के ऑब्जेक्टिव प्रश्न रहेंगे, जबकि 50 फीसदी अंक के प्रश्न लघु व दीर्घ उत्तरीय रहेंगे। बचे 20 फीसदी अंक आंतरिक मूल्यांकन के लिए दिये जाएंगे। वहीं, 2025 की परीक्षा में 20 फीसदी अंक के ऑब्जेक्टिव प्रश्न रहेंगे और 60 फीसदी अंक के सब्जेक्टिव सवाल पूछे जाएंगे। 20 फीसदी अंक का आंतरिक मूल्यांकन होगा। शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने इसके लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल को इसका निर्देश दे दिया है। 2022 और 2023 तक मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में 40-40 प्रतिशत अंकों के आब्जेक्टिव प्रश्न पूछे गये थे, जबकि 40-40 फीसदी अंकों की सब्जेक्टिव परीक्षा हुई थी। वहीं, 20 अंकों का आंतरिक मूल्यांकन हुआ था। 2024 की मैट्रिक-इंटर की परीक्षाओं में 2023 की अपेक्षा ऑब्जेक्टिव सवाल में 10% अंक की कटौती और सब्जेक्टिव प्रश्न में 10% अंक की बढ़ोतरी की जाएगी। वहीं, 2025 में भी ऑब्जेक्टिव प्रश्न में 10% अंक की और कटौती की जाएगी, जबकि सब्जेक्टिव प्रश्न में 10% अंक की बढ़ोतरी की जाएगी। सीबीएसई की तर्ज पर राज्य सरकार ने यह फैसला लिया है। सीबीएसई भी 20 अंकों का ऑब्जेक्टिव, 60 अंकों का सब्जेक्टिव और 20 अंकों का आंतरिक मूल्यांकन कर रहा है।